卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 185 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार♦ 15 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

सप्तम नवरात्र

नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं।

भाजपा सरकार में गांवों की बदली तस्वीर : नड्डा

मसूरी (उद संवाददाता)। टिहरी सीट से भाजपा प्रतयाशी माला राज लक्ष्मी शाह के समर्थन में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उनका स्वागत किया। वहीं, महिला मोर्चा की ओर से भी उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जेपी नड्डा ने देवभूमि को प्रणाम कर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हम आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। कोरोना काल ने भारत की ताकत को सबने देखा है। लॉकडाउन लगाया, लोगों को बचाने का काम किया, वैक्सीन बनाई, दुनिया को नई राह दिखाई। देश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कई महामारी में वैक्सीन दशकों तक नहीं आई, लेकिन मोदी सरकार ने कोरोना वैक्सीन कम समय मे बनाकर मिसाल कायम की। डिजिटल के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के गांवों की तस्वीर बदल रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में शौचालय, पानी, सड़क सुविधा मिल रही है। सड़कों का जाल बिछ रहा है। पहले गांवो में लोग पैदल चलते थे, लेकिन आज सड़क सुविधा से लोग जुड़े हैं। पहले लोग गंभीर बीमारी से इलाज नहीं करा पाते थे, लेकिन मोदी सरकार ने पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य योजना दी है। भाजपा के संकल्प पत्र में अब 70 साल से ऊपर के लोगो को भी पांच लाख तक का उपचार देने का वादा किया है। जनसभा में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं शहीदों की धरती को नमन करता हूं। उत्तराखंड को बेहतर और श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। नकल विरोधी कानून को संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। उत्तराखंड में तो हमने लागू कर दिया। दंगा विरोधी कानून बनाया है, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा, लेकिन कांग्रेस उसमे में भी राजनीति कर रही है। उत्तराखंड के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की किसी को इजाजत नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

सड़क हादसे में बाइक सवार की जान गयी

भूरारानी मार्ग पर कार ने मोटरसाईकिल को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं भूरारानी मार्ग पर बाईक सवार अधेड़ को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि कार चालक नशे की हालत में था और वह घटना के बाद वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया और अस्पताल से मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बिंदूखेड़ा निवासी 70 वर्षीय मंगल सिंह पुत्र सुन्दर सिंह गत सायं अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएन 9147 पर सवार होकर ग्राम भूरारानी में भूसे का पता करने गया था। जब वह वापस लौट रहा था मार्ग में एक धर्मकांटे के पास तेज गति से आती कार संख्या यूके 06 बीएफ 5999 के अज्ञात चालक ने बाईक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मंगल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही उसके परिजन मौके पर आ गये। बताया जाता है कि नशे की हालत में कार सवार वाहन मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। घायल मंगल सिंह को परिजन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया और चिकित्सालय से मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक मंगल सिंह की 6 पुत्रियां हैं जिनमें पांच की शादी हो चुकी है। मंगल सिंह परिवार में इकलौता कमाने वाला था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रुद्रपुर में कांग्रेस को बड़ा झटका

कई पूर्व पार्षद आज शाम समर्थकों के साथ भाजपा में होंगे शामिल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथि नजदीक आते–आते रूद्रपुर में कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। पार्टी के चार पूर्व पार्षदों के साथ ही जनाधार वाले कई कांग्रेसी आज शाम भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समक्ष भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं। इसकी तैयारी पूरी हो गयी है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में मची भगदड़ एक बार फिर तेज हो गयी है। भाजपा विधायक शिव अरोरा के प्रयासों से महानगर में कांग्रेस के कई बड़े चेहरों को भाजपा में शामिल करने की तैयारी पूरी हो गयी है। आज शाम कंचनतारा होटल में आयोजित होने रहे समारोह में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समक्ष कांग्रेस के चार पूर्व पार्षदों के अलावा कांग्रेस के के कई जनाधार वाले नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के पांच पूर्व पार्षद पिछले कई दिनों से विधायक शिव अरोरा और उनकी टीम के संपर्क में थे। एक पूर्व पार्षद (शेष पृष्ठ सात पर)

भाजपा नेता योगेश जोशी समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा नेता रहे योगेश जोशी ने एक बार फिर कांग्रेस में घर वापसी की है। कुसुमखेड़ा स्थित बालाजी बैंकट हॉल में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के समक्ष उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। बता दें भाजपा नेता एवं समजासेवी योगेश जोशी द्वारा शहर में बालकृष्ण देवकी देवी ब्लड सेंटर के दो यूनिट संचालित किया जा रहे हैं जिनके माध्यम से पहाड़ तथा दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले रोगियों को आपातकाल में ब्लड की व्यवस्था कराई जाती है इसके अलावा वह एक शव वाहन भी संचालित करते हैं। साथ ही वह लोगों को यात्रा भी कराते हैं। उनके द्वारा कई अन्य सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। उनके साथ कई युवाओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। माना जा रहा है भाजपा में उनकी लगातार उपेक्षा हुई है जिसके चलते उन्होंने घर वापसी का निर्णय लिया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, नीरज तिवारी, तारा सिंह नेगी, सुमित्तर भुल्लर,हिमांशु जोशी, कुंदन सिंह, दीपक साह,ललित जोशी, चन्दन बिष्ट,संजय बिष्ट,विजय सीज वाली, हरभजन भूल्लर, गजेंद्र गौनिया, मलय बिष्ट, मधु सांगुड़ी, भागीरथी देवी, नीलू नेगी, शोभा बिष्ट, राधा चौधरी,मीमांसा आर्या,अल्का आर्या आदि कांग्रेसी थे।

नशे के इंजेक्शनों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी/रामनगर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी और रामनगर में पुलिस ने तीन लोगों को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बनभुलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कुल 28 नशीले इन्जेशन बरामद किए गए। नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उनि अनिल कुमार,का. भूपेन्द्र जेष्ठा, दिलशाद अहमद द्वारा गश्त के दौरान एक नशा तस्कर अशद पुत्र स्व. नासिर हुसैन निवासी शनि बाजार रोड वार्ड न0 29 वनभूलपुरा को काबुल गेट के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 8 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। वहीं नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उनि अनिल कुमार, का. नरेन्द्र गिरी व हेम चन्द्र डालाकोटी ने गश्त के दौरान विवेक कुमार पंत पुत्र दिनेश चन्द्र पंत निवासी तुलसी नगर पॉंलीसीट को रेलवे बाजार रोड से 20 नशीले इन्जेक्शन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। **रामनगर**– रामनगर कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि रविवार की शाम पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान ऊँटपडाव के पास से अभियुक्त सागर पुत्र रामपाल (शेष पृष्ठ सात पर)

आखिर किस प्रभावशाली के इशारे पर हुई बाबा तरसेम की हत्या

डेरो में वर्चस्व की लड़ाई में कराई गई बाबा की हत्या, मुख्य साजिशकर्ता का पता लगाने में पुलिस नाकाम

■ **अनिल सागर**

नाकमत्ता। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या तराई क्षेत्र में गुरूद्वारें व सिक्ख धर्म के धार्मिक स्थलों पर वर्चस्व को लेकर सुनियोजित तरीके बड़े षडयंत्र के तहत बकायदा शूटरों को हायर कर कराई गई है। पुलिस के दावे से ये बात साफ हो गई है। लेकिन गुरूद्वारे के वर्चस्व की लड़ाई में कारसेवा बाबा तरसेम सिंह किसके निशाने पर थे ,किसकी राह में बाबा तरसेम रोड़ा बन रहें थे। जिस प्रभावशाली का जिक्र पुलिस कर रही है , अभी पुलिस उस पर हाथ नही डाल रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस ने बाबा की हत्या में प्रभावशालियों के तार व लिंक जोड़कर बकायदा सबूत इकट्ठा कर रही है। पुलिस ने शूटर और षंडयंत्रकारी तो बेनकाब कर दिये है। लेकिन तमाम प्रयास के बाद एसएसपी डा0 मंजुनाथ टीसी कारसेवा बाबा की हत्या में कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों का जिक्र कर रहें है। अब सबके मन यही सवाल है कि कारसेवा बाबा तरसेम की हत्या का मुख्य षंडयत्रकारी कौन है, जिसका चेहरा अभी बेनकाब नही हुआ है। पुलिस बाबा के साथ जिन धार्मिक स्थल को लेकर विवाद चल रहें थे, उनको लेकर भी अपनी जांच कर रही है। पुलिस के सामने एक चुनौती और भी है कि कारसेवा बाबा की हत्या गुरूद्वारें के वर्चस्व को लेकर हुई या डेरे के वर्चस्व को लेकर हत्या को अंजाम दिया गया है। एसपी मनोज कत्याल का कहना है कि पुलिस की जांच अभी खत्म नही हुई है, मुख्य शंडयत्रकारी को बेनकाब करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)।देर रात्रि रूद्रपुर रोड इंटरार्क कंपनी के सामने अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा 112 सीटी पेट्रोल पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार देर रात्रि हाईवे पर इंटरार्क फैक्ट्री के सामने दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर कांस्टेबल मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टर ने चिकित्सा उपरांत घायल व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त बुंदन शाह पुत्र अज्ञात उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक कहां रहता था इसका अीाी पता नहीं लग पाया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद जोशी ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है। जानकारी में आया है कि मृतक कबाड़ का कार्य करता था तथा अपने काम के लिए ही सड़क पर जा रहा था कि अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और बुंदन वहीं पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया जिसे पुलिस की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लगाया गया जहां पर उसे डॉक्टर ने मृत घोषितकर दिया।

गदरपुर और दिनेशपुर में प्रकाश जोशी ने की नुक्कड़ सभाएं

गदरपुर/दिनेशपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने रविवार को गदरपुर विधानसभा ग्रोवर बारात घर में न्याय सम्मेलन के तहत जनसभा को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। जोशी ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश महामंत्री ममता हलदार,अनिल सिंह,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी भीम ठुकराल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमन सिंह, सुभाष बेहड़ सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सभा कीं। कहा कि इस बार जनता वोटों से सबकी गलत फहमी दूर करेगी और कांग्रेस प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद अवश्य देगी। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, गदरपुर पूर्व नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, तारक बाछाड़, विकास सरकार, केके गाबा, वीरेन्द्र मंडल, मंगल ढाली, नारायण हालदार, अशुतोष राय, निरंजन घरामी, किशोर हाल्दार, ओमपाल सिंह, नित्यानंद मंडल, लक्ष्मी राय, चंदन सिंह नयाल, जगदीप सिंह, दीपक चक्रवर्ती, नासिर हुसैन, आतिफ, पंकज, रौनक, श्याम सिंह, विमल, नैन चन्द सुमिलन मंडल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। **दिनेशपुर**– कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने गदरपुर विधानसभा अंतर्गत कई स्थान पर नुक्कड़ सभा की। विधानसभा के चक्की मोड कस्बे से दिनेशपुर कांग्रेस कार्यालय तथा गदरपुर में चुनावी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। गदरपुर और दिनेशपुर में जीतेंगे हम के संकल्प के साथ कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन तथा प्रदेश मंत्री ममता हालदार सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नुक्कड़ सभा की। नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से व्यापक चुनावी जनसंपर्क किया। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि नैनीताल संसदीय क्षेत्र के सांसद जो वर्तमान में भाजपा के प्रत्याशी भी है उनको अपने 5 साल के कार्यों का विशेष कर सांसद निधि के हिसाब को सार्वजनिक करना चाहिये।उनके द्वारा जो गाँव गोद लिया गया उसकी वर्तमान स्थिति को भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि न ही युवाओं को रोजगार मिल सका न ही उत्तराखंड की महिलाओं का सम्मान हुआ। हर तरफ उदासीनता ही नजर आ रही हैं। ममता हालदार ने कहा कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जनता कांग्रेस को जीताकर गदरपुर के खोये विकास को वापस लायेगी। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि गदरपुर विधानसभा को भाजपा नेताओं ने सिर्फ राजनीति सीढ़ी के रूप में उपयोग किया है। इस बार जनता वोटों से सबकी गलतफहमी दूर करेगी और कांग्रेस प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद अवश्य देगी।पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ममता हालदार, आप जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ,तारक बाछाड़,विकास सरकार,के के गाबा, विरेन्द्र मंडल,मंगल ढाली, नारायण हालदार,अशुतोष राय,निरंजन घरामी, सुमित्तर भुल्लर, किशोर हाल्दार, ओमपाल सिंह, नित्यानंद मंडल, लक्ष्मी राय, चंदन सिंह नयाल, जगदीप सिंह, दीपक चक्रवर्ती, सुमिलन मंडल समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा धर्म की नहीं मानवता की राजनीति करती है: पाण्डे

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर बूथ संख्या 68, 69 आजादनगर में अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित बूथ मीटिंग को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पाण्डेय ने कहा कांग्रेस का कोई नेता बुरे वक्त में साथ खड़ा नहीं होता पीठ पीछे कोई बयान दे सकता है लेकिन हमदर्दी में कभी खड़ा नहीं हो सकता। भारतीय जनता पार्टी का छोटे कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक जनता के लिए काम करता है बयानों की राजनीति नहीं करता।स्पष्ट कहा कि आपने बार बार विधायक इसीलिए मुझे बनाया है कि में आपके हर सुख और दुख में हमेशा बराबर से खड़ा रहा हूं।हमारे अल्पसंख्यक समाज के नेता जुल्फकार अली एक दिन मुस्लिम समाज में छाया देने वाला पौधा बनेगा।अरविंद पाण्डेय ने कहा हमने मोदी के नारे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर काम किया है हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई की राजनीति हम नहीं करते। हम धर्म की राजनीति नहीं करते। राजनीति करते है तो बस मानवता की राजनीति करते हैं। यही कारण है कि आप सब लोगों के बीच हमेशा से खड़ा रहा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा। बयान देना आसान है फील्ड में रह कर काम करना बहुत मुश्किल है।भाजपा का हर कार्यकर्ता हमारी रीढ़ है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट देकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और इसके लिए आप सब का विलुप्त होती जा रही है।कांग्रेस ने झूठे ख्वाब दिखाकर मुस्लिम वोट को छला है।हमारे समाज के गरीब लोग कांग्रेस के शासन में तरक्की न कर सके साफ कहा कांग्रेस महलों में रहने वाले लोगों की बपौती बन गई है।कांग्रेस मुस्लिम वोट और सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर भाजपा नेता जुल्फकार अली ने कहा कि हमारी राजनीति का मकसद विचारों की लड़ाई है जिस पार्टी ने भेदभाव किया वो पार्टी पिछले दस साल में तेजी से समाज के झगड़ों का बढ़ावा देकर उलझाने का काम करती है सुलझाने का काम नहीं करती।विकास की बात नहीं करती। इस अवसर पर अतुल पांडे, अंजार हुसैन, नजीर सकलैनी, रासम सकलैनी, रिजवान पाशा, मेहबूब, अफनान, शाकिर, आबिद सकलैनी, शानू, सैफ अली, नकुआ, फारुख, फहद, असद, रईस अहमद, नजाकत अली, साजिद पाशा, बाबू, सद्दाम, आजम आदि बहुत से लोग मौजूद थे ।

डा.अंबेडकर की जयंती मनायी

गदरपुर(उद संवाददाता)। विभिन्न स्थानों पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अपनी सहभागिता कर बाबासाहेब को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब संपूर्ण भारत के लिए एक आदर्श रहे हैं जिनके द्वारा सभी समाज को साथ में लाने का कार्य एवं ज्ञान को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कैसे राष्ट्रहित में कार्य किया जाए जैसी बातें हमें बाबा साहब से सीखनी चाहिए जो संविधान उनके द्वारा बनाया गया वही आज भारतवर्ष की रीढ़ बना है जिस पर प्रत्येक भारतवासी पूर्ण विश्वास रखता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,महेंद्र कालरा,ज्योति अरोड़ा,परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुंबर मिंटू,सुभाष गुंबर, राजेश हितकारी, मनोज शर्मा ,मुनी भुसरी, अरविंद पाल,कुणाल रस्तोगी, प्रभु शरण सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस उपमहानिरीक्षक, अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखण्ड देहरादून, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद उधम सिंह नगर के आदेशानुसार आज 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाये जाने के क्रम में अग्निशमन अधिकारी रुद्रपुर गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा फायर स्टेशन रुद्रपुर पर समस्त कर्मचारियों को फालिन कर स्मृति परेड का आयोजन किया गया व दो मिनट का मौन धारण कर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी। जिसके पशचात उनके द्वारा अग्निशमन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी रैली निकालकर रुद्रपुर क्षेत्रांतगर्त आम जनमानस को अग्नि सुरक्षा के लिए जनजागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने किच्छा में निकाला जोरदार रोड शो

किच्छा(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद पद के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपना चुनावी प्रचार तेज करते हुए ग्रामीण क्षेत्र का व्यापक दौरा किया तथा आम जनता से भेंट कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। नगर क्षेत्र में दरऊ रोड चौराहे से लेकर बंडिया बाईपास तक एक विशाल रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के रोड शो में नगर क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। रोड शो का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रकाश जोशी के रोड शो का स्वागत करते हुए युवा कांग्रेसियों द्वारा जबरदस्त आतिशबाजी की गई। दरऊ चौराहे से ही प्रकाश जोशी के काफिले में युवा कांग्रेसियों सहित मुख्य कांग्रेसी भी विभिन्न स्थानों से जुड़ते चले गये और प्रकाश जोशी का काफिला बढ़ता गया जो कि डीडी चौक पर आते-आते एक विशाल जनसैलाब में परिवर्तित हो गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जहां प्रकाश जोशी का स्वागत किया गया । डीडी चौक के समीप युवा कांग्रेसियों ने प्रकाश जोशी को सरोपा पहनाकर कर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ-साथ कई दिग्गज कांग्रेसी भी रोड शो में शामिल रहे। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास नहीं हुआ है यही नहीं उनके द्वारा जितनी भी घोषणाएं की गई वह भी धरातल पर नहीं उतर पाई। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी आम जनमानस में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए और ना ही वादे पूरे कर पाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार गरीबों से कोसों दूर जा चुकी है। सरकार चंद व्यापारियों की कठपुतली बनकर रह गई है जिस वजह से महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर ही चैन की सांस लेंगे। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, नारायण सिंह बिष्ट, राजेश, जगरूप सिंह गोल्डी, सिमरनजीत कौर, सुधा जोशी, केलावती, दानिश इकबाल, सतपाल गाबा, गुलशन सिंधी, कैलाश जोशी सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

जयंती पर बाबा साहब डा.अंबेडकर किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संविधान निर्माता करोड़ों शोषितो,वंचित को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने मुख्य बाजार स्थित बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि जो संविधान बाबा साहब ने दिया है उसकी चर्चा विश्व पटल पर सदैव होती रही है, और हमेशा होती रहेगी भारत का संविधान हम सभी के लिए एक अतुल्य उदाहरण है, एडवोकेट छाबड़ा ने कहा आज हम सभी उनके दिखाएं न्याय के रास्ते पर चलकर समाज हित मे अपनी सेवा दे रहे हैं, एक महान समाज सुधारक जो सदैव अंतिम पायदान पर बैठे शोषित वंचित पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमेशा सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाने वाले महान शख्स को आज पूरा देश 14 अप्रैल को उनकी जयंती के रूप मे उनको याद कर रहा है,उनका अतुल्य योगदान व देश को दिए ऐसे मजबूत संविधान को लेकर हम सदैव उन्हें याद करते रहेंगे एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने ये भी कहा अगर बाबा साहब के सुझाव के मुताबिक 1947 में मुल्क तकसीम होने पर भारत पाकिस्तान के मध्य जनसँख्या अदला बदली को गांधी जवाहर लाल ने स्वीकार किया होता तो आज भारत विश्व भर में सबसे उन्नत देशों में से एक होता और देश मे ढंग फसाद और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होती। इस दौरान कार्यक्रम में अधिवक्ता कमल चिलाना,सुरभि आहूजा, गौरव मिड्ढा , एडवोकेट अभिनवछाबड़ा, सोमिल घीक , होमी कुरेशी विकास तिवारी प्रियंका मिड्ढा, संजीव फौगाट विनोद फौगाट, पार्थ छाबड़ा उपेन्द्र चौधरी, सचिन गुम्बर, सुरेशमदान, नरेन्द्र गगनेजा, अविराज छाबड़ा ,सुरेश पुंशी तथा लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा समेत तमाम अधिवक्ता तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में घायलों का जाना हाल

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दान सिंह रावत एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन में मौजूद बस चालकों एवं स्थानीय एनजीओ के सदस्यों का हाल-चाल जाना। सुबह एक एनजीओ के कुछ बच्चे पिकनिक मनाने जा रहे थे। रास्ते में उनके वाहन की टक्कर

एक सीमेंट के ट्रक से हो जाने पर उसमें मौजूद संस्था के बच्चों को चोटे लगी एवं वह घायल हो गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चटिया फॉर्म में एक जनसभा भी थी मुख्यमंत्री को जब वाहन दुर्घटनाग्रस्त के बारे में पता चला उन्होंने सरकारी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना एवं हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर घायल एनजीओ के बच्चों का हाल-चाल जाना एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

जेसीबी से झोपड़ी तोड़ने का आरोप

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। एक महिला ने थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर जेसीबी मशीन से उसकी झोपड़ी तोड़ने के बाद सारा घरेलू सामान साथ ले जाने और उनके आवासीय प्लाट पर जुताई करने का आरोप लगाया है। तहरीर में महिला ने कहा कि रविवार की दोपहर वह बच्चों के साथ पड़ोस के गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम में गई थी।उनकी गैरमौजूदगी में एक व्यक्ति लाठी डन्डों से लैस एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ उनके घर पहुंचे और जेसीबी मशीन से उनकी झोपड़ी को तोड़कर आवासीय प्लाट की जुताई कर दी।कहना है कि हमलावर घर सारा सामान साथ ले गए। मौके पर घटनाक्रम का वीडियो बनाने वाले आसपास के लोगों को हमलावरों ने धमकी भी दी। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत का कहना है कि दो पक्षों में आवासीय प्लाट को लेकर विवाद का मामला है, जांच की जा रही है, जांच के बाद मामले मे कारवाई होगी।

घर में खड़ी मोटरसाईकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में गत रात्रि घर में खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। नारायण कालोनी लमरा निवासी विशाल पुत्र विद्याराम का कहना है कि उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएन 1449 को 13 अप्रैल की रात्रि अपने घर में खड़ा किया था। आज प्रातः जब उठकर बाहर आया तो देखा उसकी मोटरसाईकिल वहां मौजूद नही। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाईक का कोई पता नहीं चल पाया।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169150
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

किच्छा में मतदेय स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

किच्छा (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने विधानसभा किच्छा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा किच्छा क्षेत्र अंतर्गत बुथ संख्या-37 व 38-रा.उ.प्रा. विद्यालय चुटकी देवरिया, एवं बुथ संख्या 109, 110, 112 रा. प्रा. वि. छिनकी के बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग बूथों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, कुर्सी, मेज, पंखा आदि व्यवस्थाएं, पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियों हेतु रहने-खाने आदि अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ से पोलिंग बूथों पर गत चुनावों में हुए मतदान प्रतिशत, नए वोटर कार्ड एवं मतदाता पहचान पर्ची वितरण की जानकारी लेते हुए आज ही सभी मतदाता पर्चियों को वितरित करने के निर्देश दिये। सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीएलओ को चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप गतिविधियों आयोजित कर मतदान हेतु प्रेरित कर अधिक से अधिक मतदान करवाने को कहा गया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों पर बूथ हेल्प डेस्क, वेब कास्टिंग और बूथ काउंटर को लेकर सहायक निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता को प्राथमिकता से मतदान कराने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, बीएलओ मुन्नी बिष्ट, हेमा पाण्डे, नीतू मौर्या, कलावती मौर्या, नीतू मौर्या आदि उपस्थित थे।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर आयोजित समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गूलरभोज में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडे ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिरीक्षक पूरन सिंह रावत ने की। इस अवसर पर अनीता दुबे, नजमा बेगम, तरुण दुबे, अतुल पांडे, जय राम राजभर, राम कुमेश यादव ,हरीश छाबड़ा, कुलदीप रघुवंशी, संजीव भटेजा, मनोज देवराडी, किशोर सामंत बाबू सिंह तोमर, सतीश चुघ, इंदर सिंह मेहता, नंदन सिंह, रमेश कुमार, बाबूराम, गुरमेल सिंह, रवि सिंह वर्धन, लखविंदर सिंह लक्खा, विकास सागर, महेश सागर, सुनील सागर आदि उपस्थित थे।

बाबा साहब की धूमधाम से मनाई जयंती

काशीपुर(उद संवाददाता)। संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती यहां क्षेत्र में तमाम स्थानों पर धूमधाम से मनाई जा रही है। टांडा उज्जैन के जाटव सभा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेडकर स्मारक ट्रस्ट समिति के द्वारा अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर मौजूद लोगों को मंत्र मुक्त कर लिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के गीत व नाटक की प्रस्तुति भी स्कूली बच्चों द्वारा दी गई। अतिथियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा की भारत रत्न भीम राव आंबेडकर ने एक ऐसे संविधान की रचना की जिससे प्रेरणा लेकर विश्व के कई देशों ने अपने संविधान बनाए। डॉ अंबेडकर ने समाज के उन लोगों के लिए कार्य जो तिरिस्कार के रूप में रहते थे, आज समाज में बहुत बड़ा बदलाव है।डाक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में संबोधन करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमेशा कहते थे कि दलित जाति या धर्म से नहीं होता बल्कि देश का हर वह नागरिक दलित है जो आर्थिक, सामाजिक ,राजनैतिक, व शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है। डॉक्टर अंबेडकर द्वारा संविधान में सामाजिक न्याय का जो ढांचा बनाया गया था उस सामाजिक न्याय पर आज देश काम कर रहा है ,उन्होंने संविधान में कर्तव्य और अधिकारों का बोध कराया। कार्यक्रम के अंत में भंडारा किया गया । इस दौरान भारी तादाद में स्थानीय लोगों के अलावा जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद रहे। इसी तरह कुंडा तथा आईटीआई थाना क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
उत्तम सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

पूर्वांचल समिति ने सेवानिवृत्त अध्यापक को किया सम्मानित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पूर्वांचल सेवा समिति ने राजकीय उ0 मा0 वि0 विचुवा से सेवानिवृत्त अध्यापक राजाराम यादव के शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। दहला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पूर्वांचल समुदाय के लोगों ने राजाराम यादव के अध्यापन कार्य की सराहना करते हुये उनके शिक्षण कार्य को याद करते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में खासकर विचुवा जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर छात्र -छात्राओं के बीच अपनी छाप छोड़ी है। इस मौके पर

केश्वर प्रसाद चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, संजीव झा, रमेश चौरसिया, प्रकाश कुमार , अंबरीश पांडेय, मनीष पाल, अनिल शर्मा,सुनील कुमार, जय किशन , शेखर सुमन, दिनेश चौरसिया, नगेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

माता की चौकी
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में समाजसेवी सोनू मदान एवं सागर छाबड़ा के परिवार की ओर से माता की सप्तम चौकी का आयोजन
दिनांक 15 अप्रैल 2024, दिन सोमवार शाम 7.30 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर

सुख और समृद्धि का पर्व है बैशाखी

बैसाखी का दिन बहुत ही महात्वपूर्ण हैं इससे बहुत बड़ी बातें जुड़ी हुई हैं। बैशाखी का पर्व हिंदू भाई बड़ी श्रद्धा से मनाते हैं। सुबह पवित्र नदियां या सरोवर में स्नान करके, पूजा पाठ करके, सूर्य को जल अर्पण करते हैं, बैशाखी पर नई फसल कई प्रकार की आजति है जैसे मसूर, चना, गेहू कई लोग गरीबो को दान भी देते है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नई फसलो के आने से बड़ी धूम धाम से बैसाखी मनाई जाती है। इसी दिन कई बहने अपने भाइयो के लिए मूंगफली बताशे या नारियल व अन्य ड्राई फ्रूट बड़े चाव से हार पीरो कर अपने भाइयों के गले में डालती हैं। इसी दिन 13 अप्रैल बैशाखी 1699 को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की

स्थापना की थी। उस समय मुगल शासकों का बहुत ज्यादा अत्याचार बड़ा हुआ था। गुरु गोबिंद सिंह जी ने तीन बातें कही थीं 1.एक पिता हम एकस के बालक २.हम ना काहू को भय देत और ना काहू का भय मानत हु 3. सवा लाख से एक लाडाऊ चिड़िया ते बाज टुडवाउ ता गोबिंद सिंह नाम काहाऊ।मुगल शासकों के जुर्म के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। धर्म की लड़ाई में गुरु गोविंद सिंह जी के सारे परिवार को कुर्बानी देनी पड़ी।13 अप्रैल 1919 बैशाखी के दिन जालिया वाले बाग अमृतसर के पास ही निहत्थे लोगो पर ब्रिटिश शासन ने गोलिया चलाकर मार डाला। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी थे। यह बहुत बड़ी घटना थी बैशाखी के दिन उसी दिन से देश के ब्रिटिश शासन से आजादी की मांग बढ़ी थी। बैशाखी का पर्व सुख और समृद्धि का पर्व है, इसी दिन बहुत से धार्मिक आयोजन होते हैं, गुरुद्वारा और मंदिरों में लंगर भी होता है और गुरुद्वारा में कीर्तन करते हैं। रागी जत्थे आते हैं।

-दलीप सिंह मक्कड़,रुद्रपुर

माता के भजनों पर भक्ति में झूमे भक्तजन

नवरात्रि पर्व के छठे दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पप्पू चावला के भजनों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के छठे दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता का चौकी में भजन गायक कलाकारों ने कई भजन सुनाये गये। जिन्हें सुनकर उपस्थित सभी भक्तजन मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान संदीप विजन व ईशा विजन परिवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके बाद अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक मुरादाबाद से आये पप्पू चावला ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मेरा किसे न वी न पुछया हाल मां मेंनू तेरा सहारा मां, लख्खां पापी तर गये मैंनू वी तार मां, तेरे बिना किसे ना पूछना हाल मां, आंसुओं का पी लेंगे होठों को सी लेंगे, जिस हाल में रखे मां उस हाल में जी लेंगे, मैं मैं छोड़ मां मां बोल, मां तेरा नाम बड़ा अनमोल, गली गली होका देवे मैया दा फकीर, मांवां नूं पुत्तर देवे भैणा नू वीर, मैंनू लखड़ी बंधन दा चाह इक वीर देदे दातिए, डूबते को तिनके का सहारा मां तेरा अच्छा है दरबार तुम्हारा आदि भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें प्रसाद फल की सेवा कपि अरोरा परिवार ने, दूध की सेवा मनोज मुंजाल व विशाल भुड्डी ने, पंच मेवा की सेवा ओमप्रकाश कालड़ा, चिराग कालड़ा ने की। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

भागवत कथा में किया श्रीराम की लीलाओं का वर्णन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित श्री मद् भागवत कथा के दौरान गत दिवस कथा व्यास आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज ने श्री राम कथा के मार्मिक व ज्ञानवर्धक प्रसंगों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से श्री राम जी ने अपने चरित्र की पवित्रता से पर्यादा पुरूषोत्तम की उपाधि प्राप्त की। कथा व्यास ने कथा में केवट लीला का वर्णन हुए सामाजिक समरसता का उपदेश दिया। इस मौके परश्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी,भावना, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, नरेश छावड़ा, मोहित बत्रा, विजय जग्गा, नरेश ग्रोवर, हरीश गुंबर, कमल, जितेन्द्र जीतू, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, रेनू अरोरा आदि मौजूद थे।

भाजपा का संकल्प पत्र है मोदी की लिखित गारंटी: वेद ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा संकल्प पत्र समिति के नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा संयोजक वेद ठुकराल ने संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री मोदी की लिखित गारंटी बताते हुए कहा कि अब पूरे देश को मोदी की लिखित गारंटी मिल गई है। श्री ठुकराल ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने अगले पांच साल तक फ्री राशन देने का ऐलान किया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे बिजली बिल जीरो हो जाएगा। एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त करने के बाद अब 3 करोड़ महिलाओं क लखपति बनाने का लक्ष्य है। औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। जिसमें शिशुगृह की सुविधा होगी। भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 साल से ऊपर के हर वृद्ध को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्हें पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। भाजपा ने समान नागरिक संहिता को भी देश भर में लागू करने का फैसला लिया है।

भुलाया नहीं जा सकता बाबा साहब का योगदान: शिव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा ने मुख्य बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया, विधायक शिव अरोरा ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश को ऐसा मजबूत संविधान दिया है जिसकी चर्चा विश्व पटल पर सदैव होती रही है। भारत का संविधान हम सभी के लिए एक अतुल्य उदाहरण है। विधायक ने कहा आज हम सभी उनके दिखाएं न्याय के रास्ते पर चलकर समाज हित मे अपनी सेवा दे रहे हैं, एक महान समाज सुधारक जो सदैव अंतिम पायदान पर बैठे शोषित वंचित पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमेशा सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाने वाले को आज पूरा देश याद करता आ रहा है।उनका अतुल्य योगदान व देश को दिए ऐसे मजबूत संविधान को लेकर हम सदैव याद करते रहेंगे । इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उपेंद्र चौधरी, भाजपा नेता सुरेश कोली,सोनू अनेजा,सुरेश शर्मा,दीपक सागर, राहुल सागर, मयंक कक्कड़, आदि लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गयी भारत रत्न अंबेडकर की जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर नव युवा मंच द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय सहित निवर्तमान मंडी परिषद के अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल,यूनिटी लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ कुंदन सिंह राठौर और वरिष्ठ समाज सेवी संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर और महात्मा बुद्ध के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक दीपक सागर और संगठन द्वारा मुख्यातिथि विधायक गदरपुर अरविंद पांडेय को शाल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित कर उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट किया और इसी सम्मान समारोह को आगे बढ़ाते हुए डॉ0 कुंदन सिंह राठौर,कमलेंद्र सेमवाल,संजीव गुप्ता,केपी गंगवार,जोगेंद्र चौहान, अजय पाल,संजय भारती को स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने झांकियों का फीता काटकर शोभा शुभारंभ किया। जिसका संचालन शैलेंद्र कोली ने किया। शोभा यात्रा घासमंडी से बालाजी द्वार से अग्रसेन चौक,बाटा चौक होते हुए भगत सिंह चौक पहुंचकर गल्ला मंडी होते हुए पांच मंदिर के सामने से अंबेडकर जी की प्रतिमा पर समापन हुआ । शोभा यात्रा में देश भक्ति के ओत- प्रोत झांकियां और बाबा साहब और महात्मा बुद्ध की मनमोहक झांकियां में जगह जगह आतिशबाजी के साथ साथ पुष्प वर्षा भी की गई साथ ही जय भीम के उदघोष से वातावरण भीममय हो गया। अंबेडकर चौक पर हलुआ और खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया । इस मौके पर मुख्यातिथि विधायक अरविंद पांडेय ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता व शिल्पकार और देश के दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के मसीहा डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर में कोटि कोटि नमन करता हूं बाबासाहेब के नाम से मशहूर अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन भारतीय समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई लड़ी। इस मौके एडवोकेट अशोक सागर, निवर्तमान पार्षद रंजीत सागर,राजू राजोरिया,गोपाल भारती, कपिल सिंह,कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मताराम कोली,विश्वहिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष जोगेंद्र चौहान,अजय पाल,गौ रक्षा दल के अध्यक्ष विराट आर्य,वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष संजय भारती,योगी सेना के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल कोली,दर्शन कोली, एडवोकेट सुशील सागर,रामचंद्र सागर,बंटी राजोरिया,ज्ञान चंद,कमल कोली,प्रदीप सागर,अमन सागर,मुकुल सागर,सुशील सागर, राजीव सागर,राजू सागर,हरीश सागर,नन्हे सागर,मनोज गुप्ता,कमलदीप सोनकर,पृथ्वीराज कोली, त्रिलोक कोली,अजय कोली,मुन्नी देवी,सरिता देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सांसद निधि को लेकर बड़ी रार, कांग्रेस प्रत्याशी जोशी ने दिए आंकड़े

बोले सांसद अजय भट्ट की अक्षमता एवं निष्क्रियता इससे होती है प्रमाणित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी द्वारा मौजूदा सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट पर पूरी सांसद निधि खर्च नही किए जाने संबंधी विज्ञापन में गलत तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में शिकायत करना भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी पड़ गया है। आज कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने सांसद निधि से संबंधित तथ्य पेश करते हुए चुनाव आयोग को जहां अपना जवाब भेजा तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट चुनाव आयोग में शिकायत कर स्वयं अपने जाल में फंस गए हैं। श्री जोशी ने चुनाव आयोग को आज विस्तृत जवाब प्रस्तुत करते हुए केंद्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की वेबसाइट पर अद्यतन किया गया आधिकारिक शासकीय आंकड़ा जारी किया करते हुए एवं इस संबंध में प्रकाशित खबरों की प्रति के साथ चुनाव आयोग को अपना जवाब प्रस्तुत किया। भाजपा सरकार के आंकड़े यह साबित करते हैं कि श्री अजय भट्ट द्वारा 17 करोड़ की कुल सांसद निधि में से केवल 8 करोड़ के ही प्रस्ताव भेजे गए जिसमें से मात्र 7 करोड़ के कार्य की स्वीकृति प्रदान कि गई और इतनी ही राशि रिलीज हुई है। इन आंकड़ों के सामने आने से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा लगाया गया यह आरोप तथ्यात्मक तौर पर प्रमाणित हो गया कि श्री भट्ट ने अपनी सांसद निधि की 10 करोड़ राशि का कोई उपयोग नहीं हुआ और नैनीताल उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र 10 करोड़ के विकास कार्यों से वंचित रह गया। ज्ञातव्य है कि भाजपा प्रत्याशी श्री भट्ट ने कांग्रेस द्वारा अखबारों में प्रकाशित विज्ञापनों में सांसद निधि समेत अन्य आरोपों को असत्य एवं तथ्यहीन बताते हुए चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर आयोग ने कांग्रेस प्रत्याशी को 48 घंटे में जवाब दाखिल करने हेतु नोटिस दिया था । कांग्रेस प्रत्याशी जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से अजय भट्ट की अक्षमता एवं निष्क्रियता प्रमाणित हो जाने के बाद उन्हें क्षेत्र की जनता से माफी मांग लेनी चाहिए। उन्होंने एक बार फिर श्री भट्ट को केंद्रीय मंत्री रहते हुए उनकी 8 असफलताओं पर सार्व जनिक बहस की खुली चुनौती दी है।

हरिनाम संकीर्तन में प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं के छलके आंसू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जी ट्रांजिट कैंप में सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा के दूसरे दिन आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय (वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधा राधे संप्रदाय(मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा किए जा रहे हरिनाम संकीर्तन में कई ऐसे प्रसंग सुनाए गए जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रुओं की धारा फूट पड़ी और वह गायक कलाकारों के साथ ही पास बैठे लोगों के गले मिलकर रोने लगे। यह दृश्य देखकर सभी की आंखों से आंसू छलकने लगे। संकीर्तन मंडलियों द्वारा आगामी 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। साथ ही आयोजन स्थल पर भंडारा जारी रहेगा। आज भी प्रात: से ही मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जो हरि नाम कीर्तन सुनकर भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। इस दौरान आयोजन समिति सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष परिमल राय, उपाध्यक्ष सुबीर दास, शकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, उप कोषाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, संगरक्षक दिलीप अधिकारी, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्र शेखर गांगुली, अजीत शाह, राजकुमार शाह, प्रभास स्वर्णकार, जपन राय चौधरी, सुमित राय, मोहन उपाध्याय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, केरू मण्डल, गौतम सिकदार, शुभम दास, बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार, बाधा चौधरी, प्रणय राय चौधरी, बॉबी दास, विक्की सरकार, असीम सरकार, माधव दत्ता, शुभंकर राय, मनोज राय, मोहन कुमार, सुख विश्वास, शिवा ढाली, कार्तिक सरकार, रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना, मौती बाला, शिशिर मण्डल आदि मौजूद थे।

5000 मीटर वॉक रेस में मनमोहन सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

रूद्रपुर। नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स अण्डर-17 बालक व बालिका वाक रेस प्रतियोगिता का आयोजन पटना,बिहारमें किया गया। जिसमें जिला खेल कार्यालय, ऊधमसिंह नगर के अधीन संचालित आवासीय एथलेटिक्स बालक छात्रावास के छात्र मनमोहन सिंह रावत ने भी प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में मनमोहन सिंह ने 5000मी0 वॉक रेस में सिल्वर मेडल हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ाधिकारी श्रीमती जानकी कार्की, उप क्रीड़ाधिकारी गिरीश कुमार ने मनमोहन सिंह रावत का कार्यालय में पहुँचकर स्वागत किया तथा छात्र को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरीश राम, सहायक प्रशिक्षक मोहित सिंह, सहायक प्रशिक्षक, सतनाम बाला, कॉन्ट्रैक्ट खेलो इण्डिया प्रशिक्षक (फुटबाल), कैलाश सिंह कनिष्ठ सहायक, शशि कनिष्ठ सहायक, धीरज जोशी, अनिल कुमार, गोपाल राम, महेन्द्र कुमार आदि स्टॉफ मौजूद रहे।

कराटे परीक्षण एवं ब्लैक बेल्ट की परीक्षा संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय कराटे महासंघ उत्तराखंड शाखा द्वारा एक दिवसीय कराटे परीक्षण एवं ब्लैक बेल्ट की परीक्षा संपन्न हुई। उत्तराखंड के प्रमुख कोच सेनसाइ वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं। जिनमें कराटे शामिल कर लिया गया है। इसे देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय कराटे महासंघ भारत एवीएन अंतर्राष्ट्रीय कराटे महासंघ कनाडा के एवीएन इंटरनेशनल के अध्यक्ष, तकनीकी निदेशक, विश्व कराटे महासंघ के जज और एशियाई कराटे महासंघ के रेफरी, योगेंद्र चौहान द्वारा काता कुमिते का विशेष प्रशिक्षण दिया। जिसमें हमारे बच्चे नेशनल गेम्स में राज्य के लिए ज्यादा से ज्यादा मैडल जीतकर राज्य व जिले का नाम रोशन कर सके। उन्होंने बताया कि कुछ बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करके ब्लैक बेल्ट जीती जिसमें पायल मेहता,जानवी जोशी,किरण तिवारी, मानस उपाध्याय, जिज्ञासा उपाध्याय, बरखा लूणी शामिल हैं। इनको सियान योगेंद्र चौहान नाम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉम इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह बिष्ट एवं राजेंद्र सिंह कियूरा प्रो. ऑफ उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें अनेक खोज भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन समाज सेविका श्रीमती नीरज बोरा ने किया। इस मौके पर इंटरनेशनल खिलाड़ी चेतन भट्ट, कनिका जोशी, फरीन सैफी, काव्यांजलि बिष्ट, वीरेंद्र बेस्ट आदि लोग उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने डोर टू डोर किया प्रचार

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने ग्राम हरिपुरा गणेशपुर भाव नगला सहित गदरपुर आवास विकास में कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर अभियान चलाकर चुनाव प्रचार किया जिसमें आगामी 19 अप्रैल को नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवा कर उनको विजय बनाने का निवेदन किया। चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए गुंजन सुखीजा ने कहा कि इस चुनाव प्रचार का मकसर केवल अजय भट्ट को जितना ही नहीं बल्कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाना भी है। तो पहले मतदान फिर जलपान की भावना रखते हुए प्रत्येक क्षेत्रवासी 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करवाएं जिससे क्षेत्रीय विकास के साथ-साथ मतदाताओं के विकास का भी उदाहरण समाज के सामने आएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महेंद्र कलरा, परमजीत सिंह पम्मा, मिंटू गुंबर, कुणाल रस्तोगी, धनंजय प्रधान, मिंटू रस्तोगी, मनोज शर्मा, आकाश कोचर, प्रभजोत खेड़ा, अजय शर्मा, बकुल अरोरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान ग्राम चकरपुर से एक संदिग्ध महिला रीना पत्नी गोविंद निवासी ग्राम बड़ाखेड़ा को गिरफ्तार किया कर उसके पास से 6.23 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए थाना गदरपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्ता को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा,महिला हेडकांस्टेबल, कांस्टेबल कृष्णा,आरक्षी इरशाद उल्ला,रिक्रूट आरक्षी जयप्रकाश आदि शामिल थे।

जयंती पर डा.भीम राव अंबेडकर का भावपूर्ण स्मरण

किच्छा(उद संवाददाता)। अंबेडकर जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के जन्मदिन पर हर साल उनके करोड़ों अनुयायी उनके जन्मस्थल भीम जन्मभूमि महू (मध्य प्रदेश), बौद्ध धम्म दीक्षास्थल दीक्षाभूमि, नागपुर, उनका समाधी स्थल चैत्य भूमि, मुंबई जैसे कई स्थानीय जगहों पर उन्हें अभिवादन करने लिए एकत्र होते है। सरकारी दफ्तरों और भारत के बौद्ध-विहारों में भी आंबेडकर की जयंती मनाकर उन्हें नमन किया जाता है। विश्व के 100 से अधिक देशों में अम्बेडकर जयंती मनाई जाती है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री नितिन वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, पूरन भट, महामंत्री गोल्डी गोरया, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश कोली, महेंद्र ठाकुर ,सुरेंद्र चौधरी, महेंद्र पाल, विनोद कोहली, धनीराम, भैरव कोहली, नामित सभासद देवेंद्र शर्मा, नंदलाल प्रजापति, हीरा प्रजापति, राकेश गुप्ता, सुनीता गंगवार, अखिलेश यादव, मनीष गुप्ता, शिवजी प्रसाद, राम बहादुर, गंगासागर, भृगुराशन, नंद कुमार, रोहित, राज कुमार, अनिल कुमार, प्रभु प्रसाद, बद्री प्रसाद, सुभाष, देवनारायण, वशिष्ठ प्रसाद, रामनरायण, श्याम नारायण, अखिलेश, सूरज मिश्रा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

इजराईल और ईरान का टकराव

पिछले दो विश्व युद्धों के इतिहास से ज्यादातर लोग वाकिफ हैं। दो देशों के बीच शुरू हुआ टकराव कब एक युद्ध में बदल जाए, कब वह दोनों पक्षों के सहयोगी देशों के बीच फैल जाए और विश्व युद्ध की शक्ल ले ले, कहा नहीं जा सकता। विडंबना है कि अतीत के अनुभवों से सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। अमूमन हर युद्ध में इसी गलती को दोहराया जाता है। अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष की आग अन्य देशों की ओर भी फैलती दिखने लगी है। गौरतलब है कि हाल ही में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइल की ओर से हमला करने की खबर आई थी। उसमें ईरान के दो जनरलों की मौत हो गई थी। उसके बाद से ईरान ने इसे मुद्दा बनाया हुआ है और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। मगर अब मामला धमकियों से आगे बढ़ गया लगता है और ईरान ने जिस तेवर में जवाबी कार्रवाई की बात की है, उससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने भी ईरान के हमले की तैयारी को लेकर चेतावनी दी है। भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इस समय इजराइल और ईरान जाने से बचें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जो लोग अभी ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वे वहां के भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। ईरान में फिलहाल लगभग चार हजार और इजराइल में साढ़े अठारह हजार भारतीय रहते हैं। मगर ईरान के तेवर तीखे होने के बाद जिस तरह युद्ध का दायरा फैलने की आशंका मंडराने लगी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार इन दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की संभावित निकासी के साथ-साथ अचानक पैदा होने वाली स्थितियों से निपटने की तैयारी कर रही है। जाहिर है, अगर किन्हीं वजहों से बातचीत के जरिए स्थिति को संभाला नहीं गया, युद्ध को टाला नहीं जा सका तो फिलहाल फिलिस्तीन और इजराइल के बीच चल रहे जंग का दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल जा सकता है। इसलिए भारत या अन्य देशों का अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।

आचार्य प्रशांत ने किया छात्रों के साथ संवाद

नई दिल्ली। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने आईआईटी के छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद किया। तथा कहा कि मन व अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है , अध्यात्म से मन को साधा जा सकता है ,यह आंतरिक शांति को मजबूत करता है

और खुद से बड़ी ताकत से जुड़ाव की भावना प्रदान करता है। रविवार को आईआईटी के डोगरा हाल में अलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित कार्यशाला का प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मन का पूरा माहौल तेजी से बदलता है, हम क्या नहीं बदल देते और सब कुछ बदल के भी हमें चौन कहाँ मिलता है । लोग घर बदलते हैं, नौकरी बदलते हैं और यह सब बदल के भी मन को शांति नहीं मिलती । उन्होंने कहा कि मन को कुछ चाहिए, उसके बिना वो रुकेगा नहीं । उसके बिना वो इधर उधर, भागता ही रहेगा , अंतत: तुम जिधर को भी भागते हो यही सोच के भागते हो ना की ये मिल गया तो इसके बाद और कुछ नहीं चाहिए; अगर तुम्हे पता हो की जिस तरफ तुम भाग रहे हो, उसके मिलने के बाद भी तुम्हें और चाहिए होगा, तो उसकी ओर भागोगे ? आचार्य प्रशांत ने कहा कि आगे निकलने की होड़ व भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान अकेला हो गया है हम क्या हैं क्यों जी रहे हैं, हमारा उद्देश्य क्या है हमे पता ही नही होता ,इन्ही वजहों से युवाओं में मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है।उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें खुद को जानना होगा उसके लिए अध्यात्म ही हमारी मदद कर सकता है, अध्यात्म हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाले तनाव को दूर कर सकता । उन्होंने कहा कि शोध से यह सिद्ध हो गया है कि आध्यात्मिकता मन और शरीर दोनों को लाभ पहुंचा सकती है। आध्यात्मिक अभ्यास उन्हें नकारात्मक भावनाओं को कम करने, अर्थ खोजने और दूसरों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने में मदद करते हैं। आध्यात्मिकता आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्म-नियंत्रण की कमी और दैनिक कार्यों और चुनौतियों से डर जैसे मुद्दों को दूर करने में मदद कर करती है। यह सीधे तौर पर मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखने का एक तरीका भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि यहां तक घ्कि जो लोग किसी धर्म का पालन नहीं करते हैं वे भी आध्यात्मिकता से लाभ प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि यह धर्मनिरपेक्ष समुदायों के बीच एक प्रचलित अवधारणा है कि अध्यात्म केवल कुछ लोगों के लिए है जो एक धर्म विशेष से जुड़े हैं लेकिन ऐसा नही है अध्यात्म हर इंसान के लिए जरूरी है।उन्होंने कहा कि लोगों ने कभी भी आध्यात्मिक संसाधनों का उपयोग करना सीखा ही नही।, जबकि वे ऐसा बहुत आसानी से कर सकते हैं।आचार्य प्रशांत ने कहा युवाओं को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है लेकिन वह उन्हें मिल नही पाता। कैरियर बनाने के लिए कोई भी काम नही चुना जा सकता सही काम का चुनाव करना होता है, सही काम का चुनाव होता है आत्मज्ञान से । उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, ये एक चिंता का विषय है लेकिन हम भोग में इतने लिप्त हैं कि हमे समझ ही नही आ रहा अब हमारे पास बहुत ज्यादा समय नही है केवल दो साल बचे हैं यदि हम अभी भी नही जागे तो फिर बहुत देर हो जाएगी और फिर महाविनाश तय है। पर अपनी फिक्र हम नहीं करते, जानते हो उसमें धारणा क्या बैठी हुई है? 'हम तो सही हैं, हमें थोड़े ही जरूरत है अपनी फिक्र करने की' अगर अपनी फिक्र करनी है, तो उसके लिए सबसे पहले स्वीकार करना पड़ेगा न, कि हमारे ऊपर से तो हमारा विनाश सुनिश्चित ही है, उन्होंने कहा कि आज इस दुनिया में जो अनुपात है, मनोरोगियों का, उतना कभी भी नहीं था। आज जो औसत तनाव के स्तर हैं, इतने द्वितीय विश्व-युद्ध के समय भी नहीं थे, सैनिकों में भी नहीं पाये जाते थे जितने आज आम आदमी में होते हैं। शोध पत्र को देखो। आज जितने मामले डिप्रेशन मानसिक विकार के होते हैं, उतने कब होते थे? हम बहुत तेजी से एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें हर आदमी पागल होगा; बाहर से स्वस्थ होगा और भीतर-ही-भीतर साइको (पागल)। अब क्या करोगे। सत्र से पूर्व एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव पंकज कपाडिया ने आचार्य प्रशांत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस दौरान आईआईटी दिल्ली के छात्र, फेकल्टी व देशभर के साधको ने प्रतिभाग किया। सत्र के बाद आचार्य प्रशांत ने आईआईटी दिल्ली के छात्रों को स्वयं उनके द्वारा बनाया गया एक होलिस्टिक ईंडविजुअल डेवलपमेंट प्रोग्राम तोहफे में दिया जिससे वे अपना आंतरिक विकास आध्यात्मिक तरीके से कर सकें।

सुल्तान की कुंडली खंगाल रही पुलिस

नानकमत्ता। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में सुल्तान सिंह की गिरफ्तारी के बाद पुलिस के हाथ कई महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस सुल्तान सिंह के करीबियों की कुंडली खंगाल रही है, जिससे वह उन प्रभावशाली लोगों तक पहुंच सके, जिनका सुल्तान को संरक्षण प्राप्त था। हरिद्वार में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए शार्प शूटर अमरजीत सिंह से बिलासपुर निवासी सुल्तान के पुराने संपर्क थे। अमरजीत भी बिलासपुर का ही रहने वाला था। सुल्तान ने अपने घर से ही अमरजीत के पैर का इलाज भी करवाया था। इसके बाद उसने सुल्तान को बाबा तरसेम सिंह की हत्या के लिए तैयार किया था। सूत्रों के मुताबिक, जेल में बंद सुल्तान का बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षडयंत्र में नामजद एक अन्य व्यक्ति से भी करीबी संपर्क होने का पता चला है। बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में उसने कई लोगों को अपने साथ मिलाया था, जिनमें से अधिकतर लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बावजूद अभी भी कुछ प्रभावशाली लोग हैं, जो पुलिस की गिरफ्त से अब तक बाहर हैं। मामले में फरार दूसरे शार्प शूटर सर्बजीत सिंह की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। उसकी तलाश में पुलिस टीमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और यूपी में दबिश दे रही है।

पाठ्य पुस्तकों में आर्यों का बदलने लगा इतिहास

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताबों में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियां:हड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव, नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है। परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंध ी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध हैं। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों के द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए है। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने कभी भारत पर आक्रमण किया। अतएव आर्य भारत के मूल निवासी थे। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में की गई पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्व-विद्यालय पुणे, सीसीएमबी हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन यूएसए ने किया है। इस डीएनए विश्लेषण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भातीय हैं। राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। करीब 300 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में पुरातत्वविदों ने 2015 में उत्खनन किया था। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार व पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी समय-समय पर आते रहे हैं और भारतीय भी विदेश जाते रहे हैं। इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। साफ है, आर्य भारत के ही थे। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। ये आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवंशिकी' आनुवांशिक के आधार पर इसके पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवंशिकी ढ़ांचा है, वह बहुत पुराना है। डीएनए के आधार पर एक महत्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। मानव इतिहास के विकास क्रम में ये स्थितियां जैविक प्रक्रिया के रुप में सामने आई हैं। एक अन्य सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक द्वार किए गए अध्ययन ने तय किया है कि भगवान श्रीकृष्ण हिन्दू मिथक और पौराणिक कथाओं के काल्पनिक पात्र न होकर एक वास्तविक चरित्र नायक थे और कुरुक्षेत्र के मैदान में हकीकत में महाभारत युद्ध लड़ा गया था। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे। इस शोध का आधार भारतीयों की कोशिकाओं का आनुवंशिक ढांचा है, जिसका सिलसिलेबार अध्ययन किया गया। जिससे तय हुआ कि भारतीयों की कोशिकाओं का संरचनात्मक ढांचा पांच हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इस आधार पर यह कहानी एकदम निराधार साबित हो जाती है कि भारत के लोग 3.5 हजार साल पहले किसी दूसरे देश से आक्रमणकारियों के रूप में यहां आए थे। यदि आए होते तो हमारा आनुवंशिक ढांचा भी 3.5 हजार साल से ज्यादा पुराना नहीं होता। क्योंकि जब वातावरण बदलता है तो आनुवंशिक ढांचा भी बदल जाता है। इस तथ्य को इस मिसाल से समझा जा सकता है, मसलन हमारे बीच से कोई व्यक्ति आज अमेरिका या ब्रिटेन जाकर रहने लग जाए तो उसकी जो चौथी-पांचवीं पीढ़ी होगी, उसकी सवा-डेढ़ सौ साल बाद आनुवांशिक संरचना अमेरिका या ब्रिटेन निवासियों जैसी होने लग जाएगी। क्योंकि इन देशों के वातावरण का असर उसकी आनुवांशिक संरचना पर पड़ेगा। भारतीय संस्कृति के निर्माता और वेदों के रचियता आर्य भारत के मूल निवासी थे। यदि प्राचीन भारतीय इतिहास को भारतीय दृष्टि से देखें तो आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरु किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रुप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठ' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। वैदिक युग में तो वैसे भी जाति व्यवस्था थी ही नहीं। हां, वर्ण व्यवस्था जरूर अस्तित्व में आ गई थी। इसके अलावा वेद तथा अन्य संस्कृत साहित्य में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि आर्य भारत में बाहर से आए। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता। ताजा शोधों का सार है कि सबसे पहले 65 हजार साल पहले अंडमान और दक्षिण भारत में लोगों का आगमन और आबादी का क्रम शुरू हुआ। इसके करीब 25 हजार साल बाद भारत में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। इस अध्ययन दल के निदेशक डॉ लालजी सिंह का कहना था कि हम सब भारतीय उत्तर और दक्षिण के इन आदि पुरखों की ही संताने हैं। सवर्ण-अवर्ण जातियों और आदिवासियों के आनुवंशिक गुण व लक्षण कमोबेश एक जैसे हैं। इसलिए आर्य और द्रविड़, अनार्य के परिप्रेक्ष्य में कोई विभाजित रेखा खींचने की जरूरत नहीं रह जाती ? इस अध्ययन से सामने आया है कि जब भारतीय समाज में निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई तब अलग-अलग कबीलों या समूहों से जातियों का उदय हुआ। फलस्वरूप अखण्ड भारत का उत्तर और दक्षिण भारत में विभाजन तो व्यर्थ है ही कबीले और जातियां भी बेमानी हैं क्योंकि सभी भारतीय समुदाय व जातियां एक ही कुटुम्ब से विकसित हुए हैं। ये शोध भाशा, रंग और नस्ल जैसे भेद भरे विभाजक छद्म को भी नामंजूर करते हैं। दरअसल उत्तर और दक्षिण के विभाजन की बात तो अंग्रेज हुक्मरानों ने बांटों और राज करो के दृष्टिकोण के चलते की थी। उन्नीसवीं शताब्दी में योरोपीय विचारकों ने अपने वंषों के लोगों को श्रेष्ठ साबित करने के नजरिए से रंग व नस्ल के आधार पर श्रेष्ठता की अवधारणा गढ़ी। मसलन गोरा रंग श्रेष्ठ माना गया। इसी के अनुसार गोरे, गेहुएं और तांबई त्वचा वाले उत्तर भारतीय श्रेष्ठ और काले या सांवले रंग वाले दक्षिण भारतीय हेय मान लिए गए। उत्तर की भाषा संस्कृत और दक्षिण की भाषाओं को भिन्न परिवारों में रखा गया। जबकि इन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत रही है। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं एक ही आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्त्रोत संस्कृत है। इससे भी यह निष्चित होता है कि आदिकाल में एक ही परिवार की आर्य भाषाएं बोलने व लिखने वाले पूर्वज कहीं एक ही स्थान पर रहे हैं। बंगाली इतिहासकार ए.सी. दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल 'सप्त सिंधु' मानते हैं जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही हैं। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव किए जाने जरूरी हैं। अतएव नए शोधों से आए परिणाम की इस सैद्धांतिकी को स्वीकारा जाना चाहिए।

-प्रमोद भार्गव,लेखक, साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं।

भाजपा का घोषणा पत्र देश को आगे बढ़ाने का संकल्प: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बीती शाम भूरारानी स्थित द्वारका फार्म हाउस में भाजपाइयों की एक जनसभा आयोजित की गई। जिसमें सभी भाजपाइयों ने एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने का संकल्प लिया । भाजपा नेताओं ने कहा कि घर-घर जाकर भाजपा की रीति नीति से जनता को अवगत कराया जाएगा ताकि केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बने और विकास के नए आयाम स्थापित हो ।भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जिस प्रकार से भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है उसे देश की जनता भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। जिसमें युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान शक्ति को साथ लेकर देश को आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया ।चुघ ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार विभिन्न योजनाएं लाकर जनता को लाभ पहुंचा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से हताश हो चुके हैं और चुनाव से पहले ही अपनी हार मान चुके हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट के साथ ही भाजपा उत्तराखंड की पांचो सीटों पर अपना परचम लहराएगी।

कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश गुप्ता ने किया । प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भी अपने विचारों को रखा इस मौके पर पार्षद सुशील चौहान अशोक बजाज बलविंदर सिंह का सनी पुनियानी मुकेश वशिष्ठ नितिन कौशिक संजीव शर्मा काशीराम छाबड़ा दिलीप चंद तनेजा गोविंद ग्रोवर क रोहित कालड़ा कपिल कल सुनील चौक राकेश शर्मा ,के एस बिष्ट, रमेश चंद्र औली, देवेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह रावत, कैलाश चंद्र जोशी ,पवन पांडे, मोहन सिंह ज्वाला ,गोपाल सिंह राणा ,बहादुर सिंह रावत, अरविंद पाल ,राम सिंह, पूरन चंद जोशी, रमेश चंद्र उप्रेती, अवतार सिंह, सुरेंद्र कपकोटी ,देवकीनंदन उप्रेती, मनोज पंत ,ललित बोरा, विनोद बोरा, पंकज कुमार, जगदीश चंद्र जोशी, रमेश शर्मा, कल्याण सिंह धामी, पूरन सिंह भोज ,गणेश मेहरा ,शिवपाल भाकुनी ,भीम सिंह कोटिया ,अर्जुन खाती, हेमचंद उप्रेती, गंगा सिंह भंडारी ,महेश मिश्रा कपिल कलर गोविंद ग्रोवर काशीराम छाबड़ा केसर बाबा पुनीत गांधी अनिल ढींगरा रमेश कुमार गांधी नंदकिशोर साहनी बबलू दिवाकर रोहित कलरा मोहित कलर सनी चुघ नितिन छाबड़ा शिवम कलरा केसर दास पाहवा लीला सागर विजय सागर राहुल सागर करण दिवाकर करण पासवान नंदकिशोर सैनी बबलू दिवाकर जगदीश दिवाकर ओमप्रकाश दिवाकर राज कोली शिवकुमार सिंबू सनी पासवान समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

विशाल भंडारे के साथ मेले का हुआ समापन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम में पांच दिवसीय मेले के अंतिम दिवस का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भंडारे में समूचे क्षेत्र सहित ,रुद्रपुर,दिनेशपुर,किच्छा,गदरपुर,नानकमत्ता, खटीमा, पीलीभीत,दिल्ली आदि क्षेत्रों से श्रद्धालू बाबा भोले नाथ का प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे। प्रसाद सुबह से देर रात तक चलता रहा । साथ ही प्रसाद ग्रहण कर लोगो ने सुंदर मेले का भी आनंद लिया। बच्चों ने तरह तरह के झूलो का आनंद लिया । रात्रि को जात्रा गान (बांग्ला नाटक) का मंचन हुआ। उससे पूर्व कार्यक्रम मे अतिथि प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल व पत्रकारों का कमेटी ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट कर अभिवादन किया। भंडारे मे,व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,शुभम गर्ग ,विक्की मण्डल, अभिषेक प्रमाणिक,रिपुसूदन मण्डल, जयंत मण्डल दीपक विस्वास, सव्यासाची हालदार व पूजा कमेटी के सुमित मंडल अध्यक्ष, परेश मंडल उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार सचिव, उज्जवल राय उपसचिव, अनंत हालदार मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय व्याय कोषाध्यक्ष थे। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदार, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील ,कानू सरकार आदि ग्रामीण थे।

सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा शुरू

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में समस्त आनंदनगर के ग्रामीणों के सहयोग से 7 दिवसीय संगीत मय भागवत कथा पर ब्यास पंडित भास्कर पाण्डे ने ग्रामीणों को कथा सुनाई और श्री कृष्ण की कथा का वर्णन किया। रविवार को ग्राम सभा तिलियापुर के गांव आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर परिसर से इससे पूर्व पंडित भास्कर पांडे ने पूर्ण विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान आयोजित भागवत कथा में पंडित भास्कर पांडे ने अपने श्रीमुख से कहा कि,श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सुनने से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। हृदय रूपीपात्र में भगवान की प्राप्ति हो जाती है। भागवत कथा सुनने से जीवन जीने की शैली समझ आती है कथा सुनने वाला व्यक्ति जीवन मे भटकता नही है । प्रभु की कथा बिखरे मनुष्य के जीवन को सुंदर बना देती है ।कथा के बिना हमारा जीवन ऐसे हो जाता हैं जैसे जल के बिना मछली..कलयुग मे भागवत जी की कथा सभी मनोकामनाये पूरी करती है।कलयुग की कुल आयु 432000 है अभी कलयुग को बीते मात्र 5000के आसपास हुआ है। उन्होंने मानव जीवन में भागवत कथा श्रवण को नितांत आवश्यक बताया। इस मौके पर जीवन सिंह, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरीश सिंह, चंदन सिंह , नंदन सिंह, राम सिंह बिष्ट, कुंदन कुंजवाल, गंगा सिंह, प्रकाश सिंह ,राम सिंह,चंदन सिंह ,लक्षण सिंह,जगदीश सिंह,आदि उपस्थित थे।

छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

किच्छा (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय किच्छा में युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली से पूर्व विद्यार्थियों को नागरिकता की जिम्मेदारी और चुनावी प्रकिया में सक्रिय सहभागिता की भूमिका को बताया गया। रैली का आरंभ प्राचार्य डॉ० राजीव रतन द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदाताओं की अहम भूमिका रहती है और मतदान का प्रयोग करके हम देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा

निकटवर्ती ग्राम खुर्पिया में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं द्वारा लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान । वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है आदि नारे लगाए गए तथा लोगों से मतदान करने की अपील की गई। चुनावी साक्षरता क्लब के संयोजक डॉ उमराव सिंह ने रैली के सफल आयोजन के लिए उपस्थित प्राध्यापकों, कार्मिकों एवं विद्यार्थियों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ प्रकाशचंद भट्ट, डॉ नरेश कुमार डॉ किरन बाला, डॉ हर्षिता तिवारी, कु लवली पाण्डे, गौतम, अजय शर्मा उपस्थित रहे।

पेज एक का शेष...

भाजपा सरकार में गावों..देंगे। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हमें सहयोग करना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस चुनाव हारती है तो ईवीएम का बहाना बनाती है। कांग्रेस को जनता पर विश्वास नहीं है। कांग्रेस देश और राज्य में हर अच्छे कार्य का विरोध करती है।

रूद्रपुर में कांग्रेस को ...का पार्टी में विरोध हो रहा था जिसके लिए उनकी ज्वाइनिंग फिलहाल टाल दी गयी है। मतदान से चार दिन पहले कांग्रेस के कई नेताओं की भाजपा में ज्वाईनिंग को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।

नशे के इंजेक्शन...उर्फ मलखान निवासी रेलवे पड़ाव रामनगर को 15 प्रतिबन्धित नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया गया । कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इससे पूर्व भी एनडीपीएस एक्ट के कई मामलों में जेल जा चुका है उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

दर्जनभर युवकों ने छात्र पर किया हमला,हालत गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर बिलासपुर मार्ग पर महाविद्यालय के समक्ष कुछ युवकों ने महाविद्यालय से घर लौट रहे छात्र पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। ग्राम शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प निवासी दीपक सिंह पुत्र जगदम्बा सिंह ने बताया कि वह सरकार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का छात्र है। आज दोपहर जब वह महाविद्यालय से घर जा रहा था कि तभी महाविद्यालय के आगे ही करीब एक दर्जन युवकों ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। दीपक का कहना है कि हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर 11 टांके आये है। उसने गम्भीर अवस्था में अस्पताल पहुंचकर अपना उपचार कराया।

तमंचों और कारतूस के साथ दो शातिर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर युवकों को तमंचों व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव के नेतृत्व में एएसआई मान सिंह, कांस्टेबल हितेंद्र वर्मा व भूपाल सिंह द्वारा मंगल पड़ाव क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते अमन उर्फ मोटा पुत्र अतीक अहमद निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा तथा पंकज बेलवाल पुत्र स्वर्गीय त्रिलोचन बेलवाल निवासी लक्ष्मपुर कुंवरपुर थाना चोरगलिया को एक एक तमंचा 315 बोर एवम एक एक कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध कोतवाली में शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से आलानकब व अन्य औजार बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार मंडी चौकी की उनि बबीता, कानि. अरूण राठौर व अमर सिंह क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान

टीआरवी स्कूल के पास बरेली रोड बनभूलपुरा में चोरी की योजना बनाते हुए 02 युवकों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे चोरी करने में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की गयी। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अरमान पुत्र ताजुद्दीन मोहम्मद निवासी काबुल का गेट इंदिरा नगर बनभूलपुरा तथा सावन कुमार साहनी पुत्र विश्वेश्वर साहनी निवासी टीआरवी स्कूल के पास बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब बेचते महिला समेत दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अलग अलग स्थानों से अवैध रूप से शराब बेच रहे महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि गश्त के दौरन पुलिस ने गोबिंद नगर निवासी नीलिमा सरकार पत्नी रंजन सरकार को उसके घर के पास ही अवैध शराब बेचते पकड़ लिया । तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। वहीं सिडकुल ढाल पर नितिन तिवारी पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सुलतानपुर, थाना शेरमऊ पीलीभीत, हाल निवासी नारायण कालोनी को शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 54 पव्वे अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

कांग्रेसियों की 'रार' से प्रकाश जोशी की बढ़ी दिक्कतें

रूद्रपुर के कांग्रेस नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई सतह पर आई, चला अनुशासन का चाबुक
पार्टी से निष्कासित पूर्व महानगर अध्यक्ष तथा निर्वतमान पार्षद ने कार्यवाही पर उठाए सवाल

-अर्श-

रूद्रपुर। ऐसे समय जबकि लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान में अब सौ घंटे से भी कम का समय रह गया है, स्थानीय कांग्रेसी नेता लामबंद होकर पार्टी के उम्मीदवार प्रकाश जोशी के साथ भाजपा के विरुद्ध मोर्चाबंदी करने के बजाय आपस में ही आस्तीन चढ़ाने लगे है। ऐसे में अगर कांग्रेस नेताओं की यह रार पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाए तो यह आश्चर्य का विषय कदापि ना होगा। पिछले 48 घंटे के भीतर स्थानीय कांग्रेस के दो गुटों के नेताओं की आपसी कलह ने कुछ ऐसी करवट ली, कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने ,पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा एवं पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने का आरोप लगाते हुए ,दोनों ही कांग्रेसी नेताओं को 6 वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिया। पार्टी से अपने निष्कासन की खबर पाते ही पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा एवं पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ,अपने निष्कासन की कार्यवाही की वैधानिकता पर सवालिया निशान लगाते हुए, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष पर ही पार्टी प्रत्याशी प्रकाश जोशी को हराने का षड्यंत्र रचने आरोप दिया मढ़ दिया। बताना होगा कि स्थानीय कांग्रेस आजकल दो गुटों में बटी हुई है ।एक गुट जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा एवं सीपी शर्मा का है और दूसरा गुट किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ का है। दोनों ही गुटों के बीच जिला अध्यक्ष एवं महानगर

अध्यक्ष की ताजपोसी के समय से ही तलवारे खिची चली आ रही है और उनमें वर्चस्व के लिए उठा पटक जारी है। हालांकि स्थानीय स्तर पर पार्टी की इस गुटबाजी से कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी वाकिफ है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व की ओर से इस गुट बाजी को समाप्त करने का कभी कोई प्रयास नहीं किया गया और ना ही पार्टी का अनुशासन तोड़ने वाले नेताओं के विरुद्ध कभी कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही ही की गई। जबकि कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व को चाहिए था कि वह पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद अपनी देखरेख में पार्टी के समस्त नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त मीटिंग आयोजित कर उनके मध्य सामंजस्य स्थापित कराता एवं आवश्यकता के अनुसार नेताओं के मध्य लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्य विभाजन भी कराता। मगर देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पहले से ही उत्तराखंड के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के एक-एक कर पार्टी पार्टी छोड़ने से, कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व को लगातार ऐसे झटके लगते रहे कि उसे संगठन के स्तर पर चुनावी रणनीति बनाने का मौका ही नहीं मिला। जाहिर है कि अगर कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के बीच अरसे से विद्यमान गुटबाजी पर समय रहते काबू पा लिया होता, तो आज कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव प्रचार की धार ही कुछ और ही होती ।पर अब ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस नैनीताल- उधम सिंह नगर संसदीय सीट की चुनावी लड़ाई में काफी पीछे रह गई है और मतदान के ठीक पहले कांग्रेस नेताओं की सतह पर आई आपसी लड़ाई और पुराने नेताओं पर चला अनुशासन का यह चाबुक, कांग्रेस की संभावनाओं को और भी कमजोर कर देगा। कायदे से कांग्रेस संगठन को पार्टी नेताओं को अनुशासन से बांधने की कोशिश निकाय चुनाव एवं विधानसभा चुनाव की हार के तुरंत बाद ही करनी चाहिए थी, क्योंकि उपरोक्त दोनों ही चुनाव में पार्टी नेताओं -कार्यकर्ताओं की आपसी गुटबाजी ने कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत की दौड़ से बाहर कर दिया था। साफ है कि कांग्रेस नेतृत्व ने अगर गुटबाज और अनुशासनहीन नेताओं के कान पहले ही उमेठ दिए होते ,तो लोकसभा चुनाव के ऐन पहले कांग्रेस की ऐसी भद्द नहीं पिटती।

लालकुंआ में अजय भट्ट ने किया धुंआधार चुनाव प्रचार

जनता पूरे विश्वास से कह रहा है कि फिर एक बार, मोदी सरकार : अजय भट्ट

लालकुंआ(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री नैनीताल ऊधमसिंहनगर लोकसभा सीटसे भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने रविार को विधायक मोहन सिंह बिष्ट के साथ लालकुआं विधानसभा के अंतर्गत बिन्दुखत्ता के कार रोड में जनसंपर्क किया और विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ जनसम्पर्क कर लोगों से आगामी 19 अप्रैल को भाजपा के पक्ष मं मतदान करने की अपील की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें सांसद चुना, उन उम्मीदों पर वह पूरी तरह खरा उतरे। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि भले ही वे लगातार लोगों से नहीं मिल पाए हो लेकिन विकास कार्यों में कोई कमी नहीं की। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मोदीजी की गारंटी के साथ भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा का घोषणा पत्र हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी साबित होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन भाजपा के साथ है और हर वर्ग आज पूरे विश्वास से कह रहा है कि फिर एक बार, मोदी सरकार। अजय भट्ट ने कुमाऊंनी में संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में 2100 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए। कहा कि किच्छा में स्थित एम्स की सैटेलाइट शाखा को विकसित कराया। उन्होंने जमरानी बांध , नैनीताल डबल लेन के लिए पैसे मंजूर कराने समेत अन्य उपलब्धियां गिनाई। कहा कि उम्मीद है कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा भी जल्द मिल जाएगा। रोड शो के दौरान अजय भट्ट ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार के प्रयास से न सिर्फ सड़क की कनेक्टिविटी बढ़ी है, बल्कि डिजिटल सुविधाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के लिए मोदी सरकार जरूरी है।भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि आज गांवों में आधुनिक सुविधाएं विकसित हुई हैं। भाजपा की दस वर्ष की मोदी सरकार के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण हुआ है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। देश की 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है। कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जितनी तेज गति से सड़कों का निर्माण कार्य हुआ है, उतना 70 सालों में नहीं हुआ। रेलवे से लेकर हवाई यातायात तक की सुविधाएं बढ़ी हैं। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि राम मंदिर का प्रकरण सालों से लंबित था। भाजपा ने मंदिर निर्माण का प्रण लिया और उसे पूरा कर दिखाया। करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक भव्य राम मंदिर आज अयोध्या में बन चुका है। कहा कि रक्षा के क्षेत्र में भारत काफी मजबूत हुआ है। आज हमारी सेनाएं अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं। शक्तिशाली भारतीय सेनाओं की वजह देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद का खात्मा किया जा रहा है।उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने का ख्वाब छोड़ दे। आज कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है, जो पार्टी की कमजोरी को प्रदर्शित कर रही है। कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के कारण देश में आतंकवाद पनपा। आज भी कांग्रेस का ऐजेंडा तुष्टीकरण का है। जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। कहा कि सशक्त भारत के लिए केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जरूरी है। जनता ने फिर मन बना लिया है देश में मोदी सरकार लाने का। वहीं लालकुआ विधानसभा के हल्दूचौड़ हरिपुर बच्ची में आयोजित जनसभा में जनता जनार्दन को संबोधित किया और 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भाजपा को भारी मतों को विजयी बनाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के तहत लालकुआं में आयोजित जनसभा में जनता को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लालकुआं विधानसभा मे गौलापार मण्डल के बागजाला,और काठबास, जीतपुर चोरगालिया में जनसंपर्क किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों से आए हुए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। और उपस्थित लोगों से आगामी 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लालकुआं विधानसभा के हल्दुचौड मंडल में हल्दुचौड नया बाजार, हरिपुर बच्ची, जयपुर खीमा, हाथीखाल, तल्ली हल्द्वानी में जनसंपर्क किया और देवतुल्य जनता से 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।